आया है जनमदिन बाबा का हम उत्सव आज मनाएंगे लिरिक्स

आया है जनमदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे,
धरती अम्बर पे खुशियां है,
हम हैप्पी बर्थ डे गाएंगे,
आया है जन्मदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे।bd।

तर्ज – दुनिया में देव हजारों है।

हमने रंगी गुब्बारों से,
प्यारा दरबार सजाया है,
मावे मिश्री का केक प्रभु,
बड़ा सुन्दर आज मंगाया है,
पहले तुझे भोग लगाकर के,
तेरा झूठा हम सब खाएंगे,
आया है जन्मदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे।bd।

हम तेरे खातिर भजन भाव का,
तोहफा लेकर आए है,
भावों से भरे ये पुष्प प्रभु,
चरणों में आज चढ़ाएं है,
प्रभु तुमसे तेरे बच्चे भी,
एक तोहफा लेकर जाएंगे,
आया है जन्मदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे।bd।

प्रभु स्वर्ग सा दीखता खाटू है,
तेरी सुन्दर सजी हवेली है,
सजधज कर सुंदर लगे हमें,
तेरी प्यारी छवि अलबेली है,
'रोमी' संग नज़र उतार तेरी,
चौखट पर नाचे गाएंगे,
आया है जन्मदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे।bd।

Bhajan Diary Lyrics,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आया है जनमदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे,
धरती अम्बर पे खुशियां है,
हम हैप्पी बर्थ डे गाएंगे,
आया है जन्मदिन बाबा का,
हम उत्सव आज मनाएंगे।bd।

Singer – Ritesh Manocha

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com